Bengal Mirror
Think Positive




ASANSOL

# DPS आसनसोल के पूर्व प्रो. वाइस चेयरमैन स्वर्गीय श्री रमेश गोयनका जी को भावभीनी श्रद्धांजलि

**बंगाल मिरर, आसनसोल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के संस्थापक व पूर्व प्रो. वाइस चेयरमैन स्वर्गीय श्री रमेश गोयनका जी की प्रथम पुण्यतिथि पर विद्यालय प्रांगण में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य, अध्यापकगण, विद्यालय के समस्त छात्रों सहित शिक्षनेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे। सभी ने शांति पाठ कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।
प्रधानाचार्य ने श्री गोयनका जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने श्री गोयनका जी के व्यक्तित्त्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे एक कर्मयोगी थे, उनका जाना दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल परिवार ही नहीं वरन समाज के लिए एक अपूर्णणीय क्षति है। श्री गोयनका जी आजीवन सरलता व सहजता को अंगीभूत कर पूर्ण निष्ठा से समाज को अपने हिस्से का योगदान देते रहे
शिक्षा, व्यापार और समाज को एक उच्च आयाम तक पहुँचाना उनके जीवन का लक्ष्य एवं स्वप्न था जिसे यथार्थ रूप देने के लिए वे सतत प्रयत्नशील रहे। उन्होंने अनेक संस्थाओं की स्थापना कर उनकी प्रगति हेतु अथक प्रयास किए। इन संस्थाओं के माध्यम से वे देश के गरीब लाचार व योग्य पात्रों को हर संभव सहायता दे प्रतिभाओं को प्रकाश में लाने का कार्य आजीवन करते रहे । वे मितभाषी थे, कम कहने और अधिक करने में विश्वास करते थे। उसे उन्होंने अपने जीवन में आत्मसात भी किया, जो उनकी कथनी और करनी में समरसता की विशेषता से परिचित कराता है।

एवं छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पास समय संसाधन और जीवन सीमित मात्रा में है इसलिए समय रहते हमें इनका समुचित लाभ उठाना चाहिए। श्री गोयनका जी के मार्गदर्शन में जो हमने सीखा, उनके पदचिह्नों पर चलकर हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। शैक्षिक समन्वयिका दीप्ति घोष ने भी अपने विचार साझा करते हुए श्री गोयनका जी की सरलता सहजता, आदर्शों तथा कर्तव्यनिष्ठा आदि की चर्चा करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।